an>

Title: The Minister of State of the Ministry of Culture and Minister of State of the Ministry of Tourism laid a statement correcting the reply given on 08.07.2014 to Unstarred Question No. 125 by Prof. Saugata Roy, MP regarding ' Loss to Tourism Sector' and giving reasons for delay in correcting the reply.

संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद येसो नाईक) : महोदया, मैं दिनांक 08.07.2014 को सदन के पटल पर रखे गये 'पर्यटन क्षेत्र के हानि' के संबंध में प्रो. सौगतराय, संसद सदस्य द्वारा पूछे गए अतासंकित प्रश्न संख्या 125 के संबंध में 8.7.2014 को दिए गए उत्तर में शुद्धि करने और (ii)उत्तर में शुद्धि करने में विलम्ब के कारण बताने वाला एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं0 उ125

8 जुलाई, 2014/17 आषाढ़, 1936(शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन क्षेत्र को हानि

125 प्रो. सौगत रायः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कीः

(क) क्या सरकार ने गत वर्ष उत्तराखंड में घटित प्राकृतिक आपदा के कारण पर्यटन क्षेत्र को हुई अनुमानित हानि का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इससे अर्थव्यवस्था को हुई अनुमानित हानि सहित इसके क्या परिणाम हैं;

(ग) क्या सरकार ने उक्त राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष पैकेज दिया है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) और (ख) : उत्तराखंड राज्य सरकार के अनुसार, पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स ऑफ इंडिया (पीएचडीसीसीआई) द्वारा किए गए अध्ययन में अर्थव्यवस्था को लगभग 12000 करोड़ रूपए की अनुमानित हानि बताई गई है। सरकारी पर्यटन संपत्तियों को लगभग 116.00 करोड़ रूपए की हानि होने का अनुमान लगाया गया है। कुछ प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंच न होने के कारण सभी निजी पर्यटन परिसंपत्तियों के नुकसान का अभी तक पूर्ण रूप से अनुमान नहीं लगाया जा सका है।

(ग) और (घ) : पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने राज्य में पर्यटन के संवर्धन के लिए कोई पैकेज प्रदान नहीं किया है। तथापि नष्ट हुए/क्षतिग्रस्त सरकारी पर्यटन परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण/निर्माण के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा 100.00 करोड़ रूपए का विशेष वित्तीय पैकेज घोषित किया गया है जिसमें से 10.58 करोड़ रूपए निर्मुक्त करने के साथ 72.55 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

इसके अलावा, मंत्रालय ने 2013-14 में उत्तराखंड में विभिन्न पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं के लिए 145.17 करोड़ रूपए की केन्द्रीय वित्तीय सहायता भी स्वीकृत की है।

12.06 hrs.

At this stage, Shri Dharmendra Yadav came and

stood on the floor near the Table.

12.07 hrs.

At this stage, Shri Dharmendra Yadav went back to his seat.

माननीय अध्यक्ष : प्लीज, एक साथ सभी नहीं उठेंगे। धर्मेन्द्र यादव जी, आपने जो नोटिस दिया है, वह मैंने देखा है। माननीय मंत्री जी ने कल स्टेटमेंट दिया है, अगर फिर भी आप कोई नोटिस दें तो चर्चा हो सकती है, हल्ले-गुल्ले में कोई बात नहीं हो सकती है, आप चर्चा के लिए नोटिस दीजिए। आपने सस्पेंशन के लिए नोटिस दी थी। चर्चा के लिए किसी नियम के अंतर्गत नोटिस दें, तो चर्चा हो सकती है।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Sudip Bandyopadhyay.

...(*Interruptions*)